भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

नई दिल्ली : **04 मार्च,** 2026

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) के बारे में कुछ मीडिया रिपोर्ट में उल्लेख हैं कि भाविप्रा ने पश्चिमी एशिया में वर्तमान भू-राजनीतिक हालात को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर एविएशन टरबाइन फ्यूल (एटीएफ) के स्टॉक की स्थिति के संबंध में जानकारी मांगी है।

भाविप्रा इन रिपोर्टों का स्पष्ट रूप से खंडन करता है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण यह भी स्पष्ट करता है कि **उसने किसी भी हवाई अड्डा प्रचालक से ईंधन स्टॉक या अनुमानित ईंधन आवश्यकताओं के बारे में जानकारी देने के लिए औपचारिक या अनौपचारिक रूप पर से विवरण नहीं मांगा है।** ऐसी जानकारी देने वाली रिपोर्ट असत्य और तथ्यामक रूप से गलत हैं।

यह भी पुनरावृत्ति की जाती है कि भाविप्रा अपने निर्धारित अधिकार क्षेत्र के भीतर ही कार्य करता है। भाविप्रा हवाई अड्डा प्रचालक और और एयर नेविगेशन सर्विस प्रोवाइडर है। यह ईंधन भंडार की निगरानी नहीं रखता है।

भाविप्रा सुरक्षित, संरक्षित एवं दक्ष हवाई अड्डा अवसंरचना प्रबंधन के प्रति प्रतिबद्ध है। अत: भाविप्रा अप्रमाणित,असत्य वं तथ्यात्मक रूप से गलत सूचनाओं के प्रसार से बचने की सलाह देता है।

#

जारीकर्ता:

निगमित संचार निदेशालय द्वारा जारी, भाविप्रा
विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया संपर्क करें: महाप्रबंधक (निगमित संचार) 011-20818228

प्रेस विज्ञप्ति संख्या 15/2025-26